www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editor wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-261 | सागवाड़ा, शुक्रवार, 10 जून, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## रोजगार देने में सागवाड़ा पालिका रहेगी अव्वल

### संभाग में सर्वाधिक 591 जाब कार्ड बनाए, 2 करोड़ खर्च होंगे

**सागवाड़ा।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा में शहरी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिये इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना की घोषणा की थी। इसी के तहत शहरी क्षेत्र में बेरोजगार परिवारों को 12 जून से रोजगार उपलब्ध होगा। नगर सागवाड़ा ने योजना के अन्तर्गत शहरी बेरोजगार परिवारों के पंजीयन का कार्य शुरू कर दिया है। शहरी बेरोजगार परिवार जन आधार कार्ड में दर्ज परिवार के व्यस्क सदस्यों के लिए रोजगार की मांग कर सकते हैं। इसके तहत नगरपालिका सागवाड़ा उदयपुर संभाग में सबसे ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराने वाली पालिका होगी। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत नगर पालिका ने उन परिवारों के जाब कार्ड तैयार करवाए हैं। पार्षद अशोक रोत, फारुख लखारा, विमल प्रकाश कलासुआ, शायर घाची, इंद्रजीत मकवाना, मोहम्मद पीठ, इस्माइल बिल्ला, लादू गवारिया, बाबूलाल मालिवाड, जवाहरलाल, गटा भगरिया ने जनजाति बहुल वार्डों में इस योजना का प्रचार प्रसार किया जिससे शहरी क्षेत्र में 591 जाब कार्ड बनाए हैं। उदयपुर संभाग की बात करें तो पूरे संभाग में 1661 जाब कार्ड बनाए गए है जिसमें सागवाड़ा में यह संख्या 591 है। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अनुसार शहर में लोगों को मांग के अनुसार काम रोजगार मिलेगा। इसकी तैयारियां भी अंतिम चरण में है। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का फार्म भरकर जनाधार की छाया प्रति लेकर नगरपालिका कार्यालय में सम्पर्क करना होगा। इस योजना के तहत काम करने वाले व्यक्ति को प्रतिदिन 259 रुपए का भुगतान किया जाएगा। एक महीने तक काम करने वाले व्यक्ति को 15 दिन के कार्य का भुगतान सीधे उसके बैंक खाते में स्थानांतरित किया जाना है। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत डूंगरपुर शहर में मुख्य रूप से झाडियों की कटाई, नाली -नालों की सफाई, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण तथा लगाए गए पौधों व वृक्षों की देखरेख, सार्वजनिक सम्पत्ति के विरूपण को दूर करने, स्वच्छता व सार्वजनिक प्रसाधन कक्षों की साफ-सफाई, बावड़ी खुदा तथा जल संरक्षण के कार्यों का सुदृढ़ीकरण, तालाब, सरोवर आदि के कैचमेंट एरिया से मलबा हटाने आदि के कार्य होंगे।

> सागवाड़ा नगर पालिका में निवास करने वाले बेरोजगारों को साल में 100 दिन का रोजगार दिलाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इस पर करीब 2 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस योजना की खासियत यही है कि इसमें काम करने के इच्छुक लोगों को ई मित्र से कार्ड से रजिस्ट्रेशन करने पर काम दिया जाएगा। जरूरतमंद लोगों को रोजगार देने में हम अव्वल रहेंगे। नगर पालिका कार्यालय में भी निशुल्क आवेदन हो रहा है।
>
> **नरेंद्र खोड़निया, पालिका अध्यक्ष, सागवाड़ा**

## गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर हुआ नवकुंडी गायत्री महायज्ञ

### गायत्री शक्ति पीठ सागवाड़ा में बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान



**सागवाड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के पावन पर्व पर नवकुंडी गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। जिसमें सागवाड़ा प्रधान ईश्वर लाल सरपोटा, मोहनलाल प्रजापत टामटिया, परेश प्रजापत घांटा का गांव, दिनेश प्रजापत डेचा, हीरालाल पटेल ओबरी, नरेश घोटाद एवं कई यजमानों ने यज्ञ में बैठकर अपने जीवन की बुराई त्याग ने एवं अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प लिया।

आज के दिन मां गायत्री का अवतरण हुआ एवं आज के ही दिन मां गंगा दशहरा का भी अवतरण हुआ। दोनों पतित पावनी सद्बुद्धि सदज्ञान की देवियां है। इन के पावन अवसर पर क्षेत्र में 90 प्रतिशत से ज्यादा बोर्ड में प्राप्त अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का गायत्री मंत्र उप्रणा उड़ाकर गायत्री चालीसा सफलता के स्वर्णिम सूत्र एवं अन्य स्वाध्याय का साहित्य वितरण कर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर सागवाड़ा नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया भी मौजूद थे। संचालन उमेश पंड्या ने किया।

## ब्रह्मचारी की पुण्यतिथि के पर सरोदा आश्रम में हुआ गुरुपादुका पूजन

**सरोदा।** दण्डी स्वामी श्रीहरिहरानंद सरस्वती महाराज एवं ब्रम्हचारी श्रीकृष्णचैतन्य सरस्वती की तपोसाधना स्थली गुरुआश्रम सरोदा में निर्जला एकादशी पर श्री कृष्णचैतन्य जी सरस्वती के 24 वी पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुआश्रम में पादुका का पूजन किया गया।

आश्रम प्रभारी डायालाल उपाध्याय ने बताया कि आचार्य हिमांशु उपाध्याय एवं सहआचार्य प्रकाश पाठक द्वारा मुख्य यजमान सुनील नरसावत इटाली खेड़ा के परिवारजनों द्वारा सुबह गणपति ,मातृका पूजन ,गुरु पूजन एवं गुरूपादुका नारायण त्रिंशोपचार विधि से किया ।

पूजन विधि के बाद गुरुआश्रम परिसर में उपस्थित समस्त साधकों पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपनिदेशक हेमेन्द्र कुमार उपाध्याय ने सनातन संस्कृति में पादुका पूजन के महत्त्व तथा निर्जला भीमसेनी एकादशी के विधान एवं उसके महत्त्व की जानकारी दी। कन्या पूजन के महत्त्व एवं कन्याओं के माध्यम से आद्यशक्ति महाकाली,लक्ष्मी,सरस्वती, अम्बे नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपो की जानकारी दी गयी।भारतीय हिन्दू संस्कृति में ऋषिकाल से चल रही कन्याओं के विशेष पूजन महत्त्व को भी बताया गया। पूजन विधि के साथ सामुहिक गुरुपादुका पूजन, संत्संग,भजन, गुरूगीता पाठ करने के बाद महाआरती की गई। ततपश्चात महाप्रसाद विद्यादेवी सुनील नरसावत द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर नारायण नरसावत, सुनील पण्डया, हरिभाई नरसावत, अनिल पण्डया, मनीष नरसावत, प्रतीक नरसावत हेमेन्द्र भट्ट, कुसुमकान्त भट्ट,शांतिलाल उपाध्याय, कांतिलाल व्यास, पंकज उपाध्याय, जनेन्द्र उपाध्याय उदयप्रकाश मौजूद रहे।

## डूंगरपुर से विनय सोमपुरा का एपीआरओ में चयन



**डूंगरपुर।** डूंगरपुर निवासी विनय सोमपुरा का सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी (एपीआरओ) के पद पर चयन हुआ है। सोमपुरा का चयन एपीआरओ के लिये आयोजित सीधी भर्ती परीक्षा के माध्यम से हुआ है। सोमवार वर्तमान में राजस्थान पत्रिका में कार्यरत हैं। वे दैनिक भास्कर में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डूंगरपुर शहर निवासी विनय पत्रकारिता के क्षेत्र में वे लंबे समय से कार्यरत हैं। वे अच्छे शिल्पकार भी है।

## लाइब्रेरी में रिट की तैयारी करते समय देखा मेसेज, पढाई को छोड़, रक्तदान करने पहुंची छात्रा



**सागवाड़ा।** सरकारी हॉस्पिटल में रक्त की भारी किल्लत से मरीजों को समय पर खून नहीं मिल पा रहा है जिसके चलते आये दिन मरीजो को रेफर किया जा रहा है या निजी अस्पतालों से खून की आवश्यकता पूरी हो रही है। वही आज बुधवार को राजकीय अस्पताल सागवाड़ा में एक मरीज को आपातकालीन ओ-पोजेटिव खून की आवश्यकता पड़ी । मरीज की गंभीरता को देखते हुए सागवाड़ा ब्लड बैंक प्रभारी मानशंकर ताबियाड ने रक्तदान के क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने वाली संस्था सपना फाउंडेशन के सागवाड़ा प्रभारी राहुल सेवक से संपर्क किया और सागवाड़ा अस्पताल में रक्त की कमी और आपातकालीन ओ-पोजेटिव खून की आवश्यकता होने की जानकारी दी?। राहुल सेवक ने संस्था से जुड़े अन्य सदस्यों से संपर्क किया। मेसेज को देखकर बीएससी व बीएड की 24 वर्षीय निशा पाटीदार पिता प्रकाशचंद्र पाटीदार चिखली निवासी ने सपना फाउंडेशन के सागवाड़ा प्रभारी से संपर्क किया। जिसके बाद निशा पाटीदार अपनी सहेली शिल्पा पाटीदार के साथ सागवाड़ा अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। निशा ने बताया कि रक्तदान करके मुझे बहुत अच्छा लगा।

## राजकीय अस्पताल सागवाड़ा में रक्तदान शिविर 14 को

**सागवाड़ा।** 14 जून मंगलवार को स्वेच्छिक रक्तदान दिवस पर सपना फाउंडेशन द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल सागवाड़ा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। सपना फाउंडेशन के सागवाड़ा प्रभारी राहुल सेवक ने बताया कि स्वेच्छिक रक्तदान दिवस पर राजकीय अस्पताल सागवाड़ा ब्लड़ बैंक में सुबह 10 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के सागवाड़ा प्रभारी ने उपखंड के क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदाता पहुंचकर रक्तदान करे। ताकि क्षेत्र के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में खून की कमी से किसी मौत ना हो। आपका रक्तदान- जरूरतमंद का जीवनदान हैं। यह सूचना सपना फाउंडेशन के सागवाडा सह प्रभारी भावेश पंडया एवं अजय बुझ ने दी

## 33 चालान बना कर 13900 रुपए जुर्माना वसूला

**सागवाड़ा।** नगर क्षेत्र में शुक्रवार को सरोदा रोड पर यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर वाहन चालकों के 33 चालान बना कर 13900 रुपए जुर्माना वसूला।

ट्रैफिक शाखा की प्रभारी हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह ने बताया कि एसआई सोमेश्वर के नेतृत्व में हर्षवर्धन सिंह, अमित पुरी, लोकपाल, नागेंद्र सिंह मय जपते के बिना हेलमेट 6 चालान 6000 जुर्माना, बिना सीट बेल्ट के 2 चालान 2000 जुर्माना, बिना रिफ्लेक्टर 4 चालान 2000 जुर्माना, अन्य 21 चालान 3900 जुर्माना वही 30 बाइक चालकों के हेलमेट चेक किए जिसमें से 23 आईएसआई मार्क के मिले व 7 बिना आईएसआई मार्क के मिले जिन्हें हिदायत देकर छोड़ा। इस तरह शुक्रवार की कार्रवाई मे 33 चालान काट कर 13,900 रुपए जुर्माना वसूला। ट्रैफिक शाखा की प्रभारी हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह ने वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों की पालना करने का आह्वान किया है।

## बिलानाम भूमि पर क्वार्ट्ज का अवैध खनन





भीलूड़ा से फलातेड़ जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे क्वार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन किया गया है।

## शुद्ध के लिए युद्ध अभियान शुरू, जिले मे दो सैम्पल लिए

**डूंगरपुर।** सरकार के निर्देशानुसार शुद्ध के लिये युद्ध अभियान शुक्रवार को प्रारम्भ हुआ। अभियान के प्रथम दिन शुक्रवार को जिले में खाद्य सामग्री बनाने व बेचान करने वाले संस्थानों पर निरीक्षण कर कार्यवाही की गई एवं दो सैम्पल लिए गए। सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को जिले में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान प्रारम्भ हुआ। खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए जिले में खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय करने वाले संस्थानों पर निरीक्षण की कार्यवाही की गई। निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अजय मौयल,ने खाद्य सामग्री को बनाने एवं बेचान करने वाले संस्थानों की जांच की एवं सैम्पल एकत्र किए। उन्होंने ने बताया कि शुक्रवार को आसपुर में गणेशपुर से चावल व डूॅगरपुर नरणिया से मूंगफली का सैम्पल संग्रहित किए गए। वही दोनो सैम्पलों को जांच के लिए फूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड एक्ट 2006 खाद्य प्रयोगशाला भिजवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व मे भी जिले में अभियान चलाया गया था उसके तहत जिले भर में जनवरी से अब तक 164 कुल सैम्पल लिए गए। पूर्व की भांति इस अभियान में भी जिले भर से सैम्पल लिए जाएगे। जिले में अगर कहीं पर मिलावटी खाद्य पदार्थ तैयार अथवा बेचान किया जाता है, तो उसकी सूचना मोबाइल नंबर 2964 -232486 पर दी जाए। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा व सूचना सही पाए जाने पर इनाम स्वरूम 51000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। लीगल मेटोलाजी एक्ट 2009 के तहत श्री निलेश कुवार खाट एलएमओ द्वारा भी अभियान के प्रथम दिन गणेशपुर व नरणिया में बाट/माप के दो फ्रम के 500-500 रूपय के चालान काटे गए। कार्यवाहक जिला कलेक्टर महोदय श्री हमेन्द्र नागर की अध्यक्षता मे शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय कमेटी के सभी सदस्यों को अभियान के सफल बनाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होने यह भी कहॉ की अभियान के तहत दूध, मावा, पनीर व अन्य दूग्ध उत्पादों की जांच की जाएगी। वहीं आटा, बेसन, खाद्य तेल, घी, सूखे मेवे, मसाले व बांट एवं माप की जांच की जाएगी। उन्होने यह भी कहॉ कि जांच दल जिला कलेक्टर के निर्देशन में कार्रवाई करेंगा, जिसमें एसडीएम, पुलिस उप अधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, विधि माप विज्ञान अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सहायक औषधि नियंत्रक, डेयरी के प्रतिनिधि शामिल होंगे। अभियान के दौरान मेडिकल स्टोर्स की भी जांच करें और अभियान को सफल बनाए।

### बसपा MLA खैरिया बोले, 60 करोड़ का ऑफर ठुकराया

## भाजपा ने ऑफर दिया था, अब मैं पूर तरह कांग्रेसी

**अलवर।** राज्यसभा चुनाव से पहले एक बार फिर से सरकार गिराने का मुद्दा सामने आया है। इन चुनाव से पहले किशनगढ़ बास के MLA दीपचंद खैरिया ने यह कहकर चौंका दिया कि वह 60 करोड़ रुपए में भी नहीं बिके। अब पूरी तरह से कांग्रेसी है। दरअसल, गुरुवार को उदयपुर बाड़ेबंदी से राज्यसभा का वोट डालने के लिए जयपुर आने से पहले एमएलए खैरिया ने कहा कि पिछली बार सरकार गिराने की भाजपा ने कोशिश की। उस समय उसके पास 60 करोड़ रुपए का ऑफर आया था। भाजपा के नेता ही ऑफर दे सकते हैं। उनके पास ही है पैसा भरा हुआ है। लेकिन, मैंने बिना सोचे समझे ठुकरा दिया। अब तो मैं पूरी तरह कांग्रेसी हो चुका हूं। इसलिए बिना सोचे समझे कांग्रेस के प्रत्याशी के साथ हूं। उन्होंने यहां तक दावा किया- पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत के समय तो उनके पास मंत्री बनाने का ऑफर था। उसे भी ठुकरा दिया था। अलवर जिले में 11 एमएलए हैं।

## सागवाड़ा शहर में लाभार्थियों से संवाद, किया सम्मान

### 8 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भाजपा नगर मंडल का आयोजन




**सागवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्र सरकार के सफल और बेमिसाल 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा संगठन द्वारा की ओर से देश में 15 जून तक सेवा सुशासन व गरीब कल्याण पखवाडा मनाया जा रहा है। इसी के तहत सागवाड़ा भाजपा नगर मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभांवित हुए लाभार्थियों से संवाद कर उनका सम्मान किया गया।

शहर के बूथ नंबर 118 और 119 में केंद्र की सरकार की बेमिसाल योजनाओं पर लाभार्थियों से चर्चा की गई। जिसमें से लाभार्थियों ने जनधन खाते से लेकर, कोरोना काल मे महिलाओं के खाते में पैसे भिजवाने, मुफ्त कोरोना टीकाकरण करने, कोरोना काल में लोकडाउन के संकट वाले समय में गरीब कल्याण योजना के तहत महीने में दो बार मुफ्त अनाज उपलब्ध करवाने, उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत मुफ्त में गैस कनेक्शन दिलवाने, शौचालय निर्माण करवाने एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत साल में 6 हजार रुपये प्रति 4 महीनों में 2000 की किश्त के साथ किसानों को खाद बीज के लिये सम्बल देने जैसी कई योजनाओं के लिये प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद दिया। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 34 में भागा डूंगर में जनजाति मोर्चा की चौपाल आहूत की गई। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी योजनओं की जानकारी देते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी ,पूर्व पालिका अध्यक्ष बदामीलाल मेहता, नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट और नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा ने केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। नगर महामंत्री मांगीलाल डामोर एवं वार्ड पार्षद रेखा कटारा ने भी संबोधित करते कहा कि गरीबो को मिलने वाली अधिकांश योजनाये केंद्र की मोदी सरकार की है, और इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ गरीबों को मिल रहा है। और आने वाले समय मे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर के गरीब पात्र लोगों को आवास उपलब्ध करवाया जाएगा। जिसके फ़ॉर्म भरे जा रहे है।

### नगरपालिका सागवाड़ा के बोर्ड के खिलाफ भी उठी आवाज़

इस अवसर पर कांग्रेस के नगरपालिका बोर्ड द्वारा मनमाने एवं तानाशाही तरीके से पीढ़ियों से काबिज आदिवासियों की जमीनों को उनके हक से मरहूम करने की साजिशों की बात कही गई। जरूरत पड़ने पर आदिवासियों को उनकी जमीनों का हक दिलाने एवं उनकी जमीनों के पट्टे देने की बात कही गई। पालिका बोर्ड द्वारा मनमाने ढंग से 2015 के शिलान्यास एवं 2017 के लोकार्पण के 50 लाख से अधिक के नए भवन को गैर कानूनी तरीके से गिराने ओर पालिका को अन्यत्र ले जाने के फैसले के खिलाफ नगर के संभ्रांत नागरिकों द्वारा जनहित याचिका लगाने का स्वागत करते हुए मामला न्यायालय में होने से फैसला न्याय प्रक्रिया के तहत होने की बात करते हुए जनता के बीच जाकर उनके कारनामो को उजागर करने की बात कही। इस अवसर पर जिला मंत्री आशा पाटीदार, कार्यक्रम के संयोजक नानालाल दर्जी, सह संयोजक कुतुबुद्दीन कोठी, नरेंद्र गोवाड़िया, मनोज कंसारा, नगर उपाध्यक्ष बालकृष्ण पाटीदार, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दशरथ खटिक, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिलीप मोड़ पटेल, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय पंचाल, जनजाति मोर्चा नगर अध्यक्ष वासुदेव अहारी, सोशल मीडिया विधानसभा संयोजक लक्ष्यराज शर्मा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया,महामंत्री जुगल पंवार, भावेश माली,जनजाति मोर्चा से मनु भाई खाट, अनिल कटारा, सोमा भाई कटारा, विजय डामोर मौजूद थे।